1/8/23 पत्रावली वकील वादी की ओर से प्रार्थना पत्र मिसल के साथ विभाजन प्रस्ताव के अनुसार दावा डिक्री किये जाने का पेश होने पर तलब होकर पेश हुई। वकील प्रतिवादीगण भी उप० आये। एवं नजदीक तारीख पेशी किये जाने पर सहमति जताई। अतः पत्रावली पूर्व से नियत पेशी दिनांक 24/8/2023 के स्थान पर दिनांक 03/8/23 नियत की जाती है।

03/08/23 पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उभय पक्ष उपस्थित। वकील वादी ने कथन किया कि मेरा दावा मुख्य रूप से बंटवारे का है प्राथमिक डिक्री की अनुपालना में तहसीलदार नीमकाथाना द्वारा विधिवत विभाजन कर विभाजन प्रस्ताव प्रस्तावित किया जा चुका है। अतः विभाजन प्रस्ताव अनुसार दावा एफ.डी. किया जावें। वकील प्रतिवादीगण ने विभाजन प्रस्ताव अनुसार दावा फाईनल डिक्री किये जाने पर सहमति दी। वकुलाय को सुनने एवं वकुलाय उभय पक्षों को सुनने व पत्रावली एवं विभाजन प्रस्ताव का अवलोकन करने पर पाया गया कि विभाजन प्रस्ताव राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, एवं राजस्थान काश्तकारी (राजस्व मण्डल) नियम–1955 के नियम–18 से 21 के अनुसार राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर के पत्रांक राम/न्याय/स्था/प.–51/2008/विविध/10546 दिनांक 0[illegible] 10.2020 में प्रदत्त दिशानिर्देशानुसार खातेदारान/पक्षकारान की उपस्थिति में तैयार किया जाकर प्रस्तावित किया गया [illegible] विभाजन प्रस्ताव पर उभय पक्ष के हस्ताक्षर एवं अंगूठे [illegible] भी है एवं वकुलाय उभय भी विभाजन प्रस्ताव से स[illegible] अतः मुताबिक विभाजन प्रस्ताव के दावा वादी अन्ति[illegible] डिकी किया जाना उचित समझते है।

Hal Saini Adv.

मुकेश

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर दावा वादीगण मुताबिक विभाजन प्रस्ताव तहसीलदार नीमकाथाना के पत्रांक भू.अ./2023/3098 दिनांक 28.07.2023 द्वारा प्रस्तावितानुसार अन्तिम रूप से डिकी किया जाता है तथा वादीगण व प्रतिवादीगण को विभाजन प्रस्ताव अनुसार पृथक–पृथक काबिज खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। विभाजन प्रस्तावं मय नक्शा डिक्री का भाग समझा जावें। तद्वानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हेतु पर्चा डिर्की मुर्तीव हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।

राजवीर सिंह यादव
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना (सीकर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2024.11.30 13:43:15 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner